**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 04.10.2019**

**AMAR UJALA**

# विद्यार्थियों ने सोलर लैंप बनाने सीखे

**फरीदाबाद।** ग्रामीण क्षेत्र में लागत प्रभावी, विश्वसनीय और प्रदूषण मुक्त सौर ऊर्जा की पहुंच को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) में बृहस्पतिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। सौर तकनीशियन प्रशिक्षण देने के लिए जेसी बोस विवि में युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'स्टूडेंट सोलर एंबेसडर कार्यशाला' आयोजित की गई।



कार्यशाला में विद्यार्थियों को सोलर स्टडी लैंप को असेंबल करना सिखाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विवि के गोद लिए गए गांवों से विभिन्न स्कूलों के लगभग 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यशाला में शामिल संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विज्ञान विभाग से वैज्ञानिक डॉ. कपिल त्रिपाठी ने सौर ऊर्जा के प्रभावी उपयोग पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 04.10.2019**

**PUNJAB KESARI.COM**

# कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखे सोलर लैंप बनाने

**फरीदाबाद**,राकेश देव (पंजाब केसरी): ग्रामीण क्षेत्र में लागत प्रभावी, विश्वसनीय और प्रदूषणमुक्त सौर ऊर्जा की पहुंच को बढ़ावा देने और सौर तकनीशियन प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के साथ युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से च्स्टूडेंट सोलर एंबेसडर कार्यशालाज् का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सोलर स्टडी लैंप को असेंबल करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर किया गया था। कार्यशाला



के दौरान, विश्वविद्यालय साथ-साथ गोद लिए गए गांवों के विभिन्न स्कूलों के लगभग 75 छात्रों ने भाग लिया तथा सौर स्टडी लैंप को असेंबल करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यशाला में शामिल संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना की तथा कार्यशाला के सफल आयोजन बधाई दी। इस अवसर पर विज्ञान प्रसार, केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से वैज्ञानिक-च्एफज् डॉ. कपिल त्रिपाठी द्वारा सौर ऊर्जा के प्रभावी उपयोग पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. त्रिपाठी ने सौर ऊर्जा के महत्व पर बल दिया। इस कार्यक्रम के भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने सौर राजदूत बनकर पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकाय सदस्यों डॉ. साक्षी कालरा, डॉ. शैलजा जैन, सुश्री रश्मि चावला, डॉ. बिंदू मंगला, डॉ. भास्कर नागर, श्री ओमप्रकाश और श्री सुनील सहयोग दिया।

पंजाब केसरी
Fri, 04 October 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/44332140

**NEWS CLIPPING: 04.10.2019**

**HINDUSTAN**

**युवाओं को सशक्त बनाने के गुर सिखाएः फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) युवाओं को सशक्त बनाने के लिए 'स्टूडेंट सोलर एंबेसडर कार्यशाला' का आयोजन किया गया। सोलर स्टडी लैंप को बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए गांवों के विभिन्न स्कूलों के 75 छात्रों ने भी हिस्सा लिया। उन्हें सौर स्टडी लैंप बनाने के संबंध में जानकारी दी गई।

**NEWS CLIPPING: 04.10.2019**

**HINDUSTAN**

# नेटवर्किंग की जानकारी दी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से कंप्यूटर नेटवर्किंग के प्रति जागरूक करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला लगाई गई।

**NEWS CLIPPING: 04.10.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

## कार्यशाला हुई

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग ने कंप्यूटर नेटवर्किंग के क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकी पर 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। इसे टीईक्यूआईपी-3 कार्यक्रम के तहत किया है, जिसमें टीईक्यूआईपी के सहयोगी संस्थान राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज आंबेडकर नगर व उत्तरप्रदेश के संकाय सदस्य भी हिस्सा ले रहे हैं।

**NAVBHARAT TIMES**

## छात्रों ने सोलर लैंप बनाना सीखा

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** ग्रामीण क्षेत्र में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट सोलर एंबेसडर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें छात्रों को सोलर स्टडी लैंप को असेंबल करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें वाईएमसीए के छात्रों के साथ यूनिवर्सिटी की तरफ से गोद लिए गए गांवों के स्कूलों से आए 75 बच्चों ने भी हिस्सा लिया और सोलर स्टडी लैंप बनाने का तरीका सीखा। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कार्यशाला में शामिल स्टाफ सदस्यों के इस प्रयास के लिए बधाई दी।